# महिलाओं को दिया सुरुचि नारी शक्ति सम्मान

## राजीव गांधी ने निकाय चुनावों में महिलाओं को लड़ने का दिया था अवसर : विभा








**भोपाल, 08 मार्च. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को नवभारत परिसर में सुरुचि नारी शक्ति सम्मान समारोह में विविध क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर विभा पटेल ने सम्मानित किया.**

इस अवसर पर नवभारत परिवार की वरिष्ठतम सदस्य एवं मार्गदर्शक श्रीमती बृज प्रफुल्ल माहेश्वरी, सुरुचि की संपादक पूजा माहेश्वरी, नवभारत के प्रबंध संपादक सुमीत माहेश्वरी, समाजसेवी शुभांगी सिंह और अनेक महिलाएं भी मौजूद थीं. विभिन्न वक्ताओं ने अपने संबोधन में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया. साथ ही कहा कि महिलाओं को शारीरिक के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ होना चाहिए, तभी वे पारिवारिक और पेशेवर जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकती हैं.

वक्ताओं में मुख्य अतिथि श्रीमती विभा पटेल के अलावा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा, पर्वतारोही मेघा परमार, बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब की अध्यक्ष रखशां शमीम जाहिद और समाजसेवी एवं शिक्षाविद भी शामिल रहीं. कार्यक्रम के समापन पर सुरुचि की संपादक पूजा माहेश्वरी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया. मोटीवेशनल स्पीकर एवं समाजसेवी शुभांगी सिंह, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा और पर्वतारोही मेघा परमार ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को पारिवारिक के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रहने पर विशेष ध्यान देना चाहिए. तभी वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकती हैं.



### हमारे देश में पुरुषों ने भी महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए : विभा

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर विभा पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि अमरीका जैसे देश में महिलाओं को अपने अधिकार हासिल करने के लिए एक सौ वर्ष लग गए थे, लेकिन भारत जैसे देश में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए संघर्ष तो करना पड़ा, लेकिन यह तुलनात्मक रूप से कम था. उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने नगरीय निकाय चुनावों में उस समय महिलाओं को चुनाव लड़ने का मार्ग खोला. तब बोला गया था कि इतनी संख्या में महिलाएं कहां से आएंगी, लेकिन सच्चाई यह है कि महिलाओं ने चुनावों में बढ़चढ़कर भागीदारी की. उन्होंने स्पष्ट किया कि वे श्री गांधी का नाम राजनीतिक कारणों से नहीं ले रही हैं, बल्कि सच्चाई पेश की है. श्रीमती पटेल ने बीसवीं सदी के सत्तर अस्सी के दशक का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय आठवीं के बाद गणित जैसा विषय चुनने वाली लड़कियां काफी कम ही थीं. अब जरूर महिलाएं पर्वतारोही बन रही हैं. स्वीमिंग कांपटीशन में पदक जीत रही हैं. मीडिया में भी आ रही हैं. लेकिन उस समय इस तरह की कल्पनाएं संभव नहीं थीं. हमारे देश में पुरुषों ने भी महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए.

### सेंट्रल क्रोनिकल में सीखी थीं पत्रकारिता की बारीकियां : रखशां शमीम

बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब की अध्यक्ष रखशां शमीम जाहिद ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत नवभारत समूह के अंग्रेजी दैनिक सेंट्रल क्रोनिकल से की थी. उन्होंने पुराने दिनों का जिक्र करते हुए कहा कि तब पत्रकारिता की बारीकियां काफी गंभीरता से उन्हें सिखायी गयी थीं. अब वे सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही हैं और उनका मुख्य ध्येय महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक उत्थान है. वे महिलाओं की शिक्षा पर भी ध्यान दे रही हैं.

---

### एक नजर में

#### फार्मर रजिस्ट्री कैंपों में लापरवाही, 3 निलंबित

**भिण्ड.** जिले में फार्मर रजिस्ट्री कैंपों में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन पटवारियों को निलंबित कर दिया, जबकि 12 पटवारियों के पांच-पांच दिन का वेतन राजसात करने के निर्देश जारी किए गए हैं. किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए शासन के निर्देश पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं. इसी क्रम में लहार अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय यादव ने राजस्व अधिकारियों के साथ विभिन्न गांवों में लगाए गए कैंपों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पटवारियों की लापरवाही सामने आई, जिस पर एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए.

#### 8 लाख रुपये की लूट का हुआ खुलासा

**उज्जैन.** मामा के घर से 8 लाख रुपये लेकर लौट रहे युवक से हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. मामले में युवक के दोस्त सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है. चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार नागेश्वरधाम कॉलोनी निवासी अनुराग आंजना अपने दोस्त अनिरुद्ध सेन के साथ तराना के ग्राम हालूखेड़ी में मामा के घर से 8 लाख रुपये लेकर लौट रहा था. रास्ते में सायरखेड़ी के पास तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की.


---

## मार्च की शुरुआत में ही तेज हुई गर्मी

### 38 पार पहुंचा कई शहरों में पारा

**भोपाल, 08 मार्च. मध्यप्रदेश में इस बार गर्मी ने तय समय से पहले ही असर दिखाना शुरू कर दिया है. मार्च की शुरुआत में ही तापमान तेजी से बढ़ रहा है और प्रदेश के कई जिलों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है.**

सबसे अधिक असर मालवा और निमाड़ क्षेत्र में देखा जा रहा है, जहां दिन के समय लू जैसी तपन महसूस की जा रही है. मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश में तापमान लगातार बढ़ रहा है. हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से बदलकर पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है, जिससे वातावरण में नमी कम हो गई है और धूप का असर तेज हो गया है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कई शहरों में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच सकता है.



शनिवार को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान रतलाम में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा धार में 38.5 डिग्री, नर्मदापुरम में 37.6 डिग्री, सागर में 37.2 डिग्री और गुना में 37 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया. बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में 36.5 डिग्री, इंदौर में 36.4 डिग्री, भोपाल में 35.2 डिग्री, ग्वालियर में 35.7 डिग्री और जबलपुर में 34.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया.

> मौसम विभाग का अनुमान है कि अप्रैल और मई के महीनों में गर्मी और अधिक तेज हो सकती है. इस दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में 15 से 20 दिनों तक हीट वेव चलने की संभावना है और कुछ स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. तेज धूप और बढ़ती गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है.

---

## विंध्य में सड़क निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू

**भोपाल, 8 मार्च . भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश के सीधी-सिंगरौली खंड पर 105 किलोमीटर लंबे चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के शेष निर्माण कार्य का अवॉर्ड जारी कर दिया गया है. इस परियोजना का निर्माण कार्य अप्रैल 2026 से शुरू किए जाने की योजना है.**

प्राधिकरण के अनुसार इस परियोजना के पूर्ण होने से सीधी और सिंगरौली के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा और पूरे विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी. लंबे समय से इस मार्ग के उन्नयन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी. मार्ग के कुछ हिस्सों का विकास पहले मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा किया गया था, जबकि शेष कार्य अब राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पूरा किया जाएगा.

परियोजना के अंतर्गत इस मार्ग को आधुनिक मानकों के अनुरूप चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा. निर्माण कार्य के दौरान तीन रेलवे ओवर ब्रिज या एक रेलवे अंडर ब्रिज, तीन प्रमुख पुल, 33 छोटे पुल, 11 वाहन अंडरपास तथा एक पैदल अंडरपास का निर्माण किया जाएगा. इसके अलावा 85 बॉक्स कलवर्ट और 165 पाइप कलवर्ट भी बनाए जाएंगे. साथ ही जंक्शन सुधार, सर्विस रोड और सड़क किनारे जल निकासी व्यवस्था सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य कार्य भी किए जाएंगे.

> इस परियोजना के पूरा होने से सीधी और सिंगरौली के बीच यात्रा अधिक तेज और सुरक्षित हो सकेगी. वर्तमान में संकरी सड़क और अपर्याप्त पुल तथा अंडरपास जैसी समस्याओं के कारण यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. चार लेन मार्ग बनने के बाद इन समस्याओं से राहत मिलेगी और यात्रा अधिक सुगम हो जाएगी. यह राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरप्रदेश के प्रमुख शहरों से भी बेहतर संपर्क स्थापित करेगा. इसके विकसित होने से सीधी और सिंगरौली क्षेत्र का प्रयागराज, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी जैसे शहरों से सड़क संपर्क मजबूत होगा, जिससे लोगों की आवाजाही और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा.

---

## डायल-112 ने पीड़ितों को दिलाई राहत

विशेष संवाददाता

**भोपाल,08 मार्च. सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र में डायल-112 जवानों की त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक दंपति और उनकी छोटी बेटी को समय पर चिकित्सीय सहायता मिल सकी.**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 7 मार्च को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि रहली थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजवास गांव के पास एक स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है. हादसे में स्कूटी पर सवार पति-पत्नी और उनकी छोटी बच्ची घायल हो गए थे. सूचना की गंभीरता को देखते हुए रहली में तैनात डायल-112 की फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया.

### तीन घायलों को वाहन से पहुंचाया अस्पताल



मौके पर पहुंचने के बाद आरक्षक देवेंद्र रैकवार और पायलट रामनरेश तिवारी ने स्थिति का त्वरित आकलन करते हुए राहत कार्य शुरू किया. दुर्घटना में दंपति और उनकी बेटी घायल अवस्था में मिले, जिनमें से एक व्यक्ति के पैर में गंभीर चोट आई थी. डायल-112 टीम ने बिना समय गंवाए तीनों घायलों को एफआरवी वाहन की सहायता से सुरक्षित रूप से रहली अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका तुरंत उपचार शुरू किया गया. डायल-112 जवानों की इस त्वरित और जिम्मेदार कार्यवाही के कारण घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी और संभावित गंभीर स्थिति को टाला जा सका. यह घटना आपात परिस्थितियों में आमजन की सहायता के प्रति मध्यप्रदेश पुलिस की तत्परता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

---

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेलवे की अनूठी पहल

**भोपाल, 08 मार्च. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की.**

इस अवसर पर ट्रेन संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का संचालन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया गया, जो रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनकी क्षमता का प्रेरक उदाहरण बना. यह विशेष ट्रेन सुबह 10:15 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से रवाना हुई. वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरओ) सचिन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया और महिला क्रू सदस्यों का पुष्पमाला व बुके देकर सम्मान किया. ट्रेन का संचालन लोको पायलट नूतन कुमारी, सहायक लोको पायलट मेघा थोटे, ट्रेन मैनेजर संगीता कोली तथा टिकट परीक्षक रश्मि मगरदे और मनीषा साहू ने किया. सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया. इस अवसर पर स्टेशन निदेशक बाबूलाल मीना, मुख्य लोको निरीक्षक राकेश चौबे, स्टेशन प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि रेलवे में महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण व प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा



### भोपाल में 'शक्ति वॉक-वॉकथॉन' का आयोजन

**भोपाल.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोपाल रेल मंडल में महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 'शक्ति वॉक-वॉकथॉन' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ. वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्रीमती जाह्नवी तिवारी ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण से स्वास्थ्य केंद्र हबीबगंज तक वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

---

**रंगपंचमी** ▶ रंगों से सराबोर महाकाल की नगरी, भव्यतम निकली श्रीकृष्ण-सुदामा रंग उत्सव यात्रा

# खुले रथ से मुख्यमंत्री ने उड़ाया रंग गुलाल



नवभारत न्यूज़

**उज्जैन, 08 मार्च. रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को उज्जैन में श्रीकृष्ण सुदामा रंग उत्सव यात्रा पूरे उत्साह और भव्यता के साथ निकाली गई. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**

सुबह करीब 10 बजे संत नगर चौराहे से प्रारंभ हुई यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई टावर चौक पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ. रंग उत्सव यात्रा ब्रज के आयोजन की तरह प्रतीत हो रही थी, पूरे मार्ग को विशेष रूप से सजाया गया था. लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग पर आकर्षक साज-सज्जा की गई थी. जगह-जगह रंग-बिरंगी कतरनों से सजावट की गई, बड़े-बड़े ध्वज लगाए गए और फूलों से सजे स्वागत द्वार बनाए गए थे. पूरा मार्ग रंग पंचमी के उत्सव के अनुरूप तैयार किया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्सवी दिखाई दे रहा था. मार्ग के दोनों ओर खड़े लोग इस भव्य आयोजन को देखने के लिए उत्साहित नजर आए. यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुले रथ में सवार होकर शामिल हुए.

वे रास्ते भर लोगों पर रंग-गुलाल और पुष्प उछालते हुए आगे बढ़ते रहे.

### मातृ शक्तियों का सम्मान

संत नगर चौराहे पर सकल सिंधी समाज द्वारा एक भव्य मंच तैयार किया गया था. समाजसेवी महेश परियानी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां मातृ शक्तियों का सम्मान भी किया गया. यात्रा का स्वरूप पारंपरिक ब्रज की होली जैसा दिखाई दे रहा था, जिसमें रंग, संगीत और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला.

### सीएम ने गाया गीत

यात्रा में शहर के भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए.

---

## महिलाओं की स्थिति से राष्ट्र की प्रगति का आकलन : दिलीप

**भिण्ड, 8 मार्च. जिले में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजीव गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय अस्मिता खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महिलाओं और छात्राओं का उत्साह देखने को मिला.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश दिलीप गुप्ता ने किया. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, साहस और उनकी असीम क्षमताओं को सम्मान देने का अवसर है. उन्होंने कहा कि समाज की धुरी नारी है और आज महिलाएं घर की चारदीवारी से निकलकर न्यायपालिका, प्रशासन, शिक्षा और रक्षा सहित हर क्षेत्र में अपनी योग्यता सिद्ध कर रही हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है. समाज में ऐसा माहौल बनाना होगा, जहां महिलाओं को अपनी क्षमता साबित करने के लिए संघर्ष न करना पड़े. शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही समाज की रूढ़िवादी सोच को बदला जा सकता है.इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश दिलीप गुप्ता और एसडीओपी रविंद्र वास्कले ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस जिला स्तरीय खेल कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा माय भारत के सहयोग से किया गया.